है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या चाउचांग क्षेत्र में बसे हुए शरणार्थियों की हानि की क्षतिपूर्ति करने के लिये उन्हें कोई सहायता दी गई है क्योंकि बड़ी संख्या में उनकी भेड़ें और बकरियां मर गयी थीं ।

(ङ) क्या लद्दाख में तम्बुओं में रहने वाले शरणार्थियों के लिये मकान आदि बनाने की कोई योजना बनाई गई है ; और

(च) क्या लद्दाख में रह रहे बहुत से शरणार्थियों पर लगाए गये जासूसी के आरोप, जिसके कारण उन्हें उनके परिवारों से अलग रखा गया था, सिद्ध हो चुके हैं ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्री मु० क० चागला ): (क) और (ख). करीब 3,500 चांगथांग इलाका में कोई 1900 तिब्बती स्थानीय अर्थ-व्यवस्था मे लगा लिए गए हैं और वे भेड़ों और ढोरों को पालकर अपनी जीविका कमा रहे हैं ।

(ग) जी नहीं । इस योजना की सफलता सिंचाई की सुविधाओं पर निर्भर है जो राज्य अधिकारियों को सुलभ बनानी थीं । सिंचाई परियोजना पर काम अभी शुरू किया जाना है और केन्द्रीय पानी एवं बिजली आयोग उसका तकनीकी अध्ययन कर रहा है ; उसकी रिपोर्ट का इंतजार है ।

(घ) जी नहीं । हमें भेड़-बकरियों के बड़ी संख्या में मर जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है ।

(ङ) इस बात पर तब विचार किया जाएगा जबकि उन्हें जम्मू और काश्मीर की सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार माथो-स्तोक क्षेत्र में फिर से बसा दिया जाएगा ।

(च) जासूसी करने का आरोप किसी पर नहीं लगाया गया । लद्दाख से 19 तिब्बतियों को निकाल दिया गया था क्योंकि उन पर अवांछनीय कार्रवाइयां करने का शक था । उन्हें उड़ीसा और मैसूर की बस्तियों में भेज दिया गया है और उनके परिवार भी उनके पास ही पहुंच गए हैं ।

### लद्दाख कारगिल और लेह में रेडियो स्टेशन

2920. श्री कुशक बाकुला : क्या सूचना तथा प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लद्दाख में कोई रेडियो स्टेशन स्थापित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका किस तारीख को उद्‌घाटन किया गया था ;

(ग) यदि नहीं, तो प्रधान मंत्री द्वारा, जब वह सूचना और प्रसारण मंत्री थीं इस संबंध मे दिये गये आश्वासन को पूरा न करने के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या भूतपूर्व सूचना और प्रसारण मंत्री श्री राज बहादुर ने भी 1966 में आश्वासन दिया था कि उस वर्ष सितम्बर के प्रथम सप्ताह तक कारगिल तथा लेह में एक एक रेडियो स्टेशन खोला जायगा ;

(ङ) यदि हां, तो उस बारे में अब तक कोई कार्य आरम्भ न करने के क्या कारण है ; और

(च) क्या लद्दाख, कारगिल तथा लेह में रेडियो स्टेशन खोलने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह ) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग), (घ) तथा (ङ). इस मंत्रालय को प्रधान मंत्री जब वे सूचना और प्रसारण

मंत्री थीं, या श्री राजबहादुर द्वारा दिये गये किसी विशिष्ट आश्वासन का अभी तक पता नहीं लग सका है। तो भी, लेह में एक रेडियो स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव है और केन्द्र जल्दी तभी स्थापित किया जा सकता है जब भवन, यातायात बिजली आदि जैसी सभी अपेक्षित सुविधाएं दी जाएं। क्योंकि यह एक दुर्गम क्षेत्र है और ऊपर बताई गई सुविधाओं में से अभी तक एक भी सुविधा हासिल करना सम्भव नहीं हुआ है, इसलिए केन्द्र स्थापित नहीं किया गया है।

(च) स्वीकृत चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में केवल लेह में एक रेडियो स्टेशन स्थापित करने की व्यवस्था है।

**Ladakhi Programme on A. I. R.**

**2921. Shri Kushok Bakula:** Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state:

(a) whether any Ladakhi programme is broadcast from All India Radio, Delhi at present;

(b) if so, the nature of the programme broadcast and the number of Ladakhi people employed on the work;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) the reasons for not broadcasting programme in Ladakhi Language when programmes in all the languages are broadcast from All India Radio, Delhi?

**The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah):** (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) and (d). All India Radio, Delhi, like any other regional Station of All India Radio, broadcasts programmes only in the languages spoken by a sizable section of the people in the region.

**Supply of Oils to South Vietnam**

**2922. Shri Indrajit Gupta:**
**Shri Bedabrata Barua:**
**Shri Y. A. Prasad:**
**Shri N. K. Sanghi:**

Will the Minister of **External Affairs** be pleased to state:

(a) whether the attention of Government have been drawn to the Chinese "Hsin-hua" agency report that India has agreed to send 1,000 tons of diesel and other oils to South Vietnam;

(b) if so, whether the oi· has begun to be shipped from Cochin port; and

(c) if so, the reasons for permitting such despatches which can be used for military purposes?

**The Minister of External Affairs (Shri M. C. Chagla):** (a) Yes, Sir.

(b) The report is completely false and without any foundation.

(c) Does not arise.

**Emoluments of Armed Forces Personnel**

**2923. Shri Nitiraj Singh Chaudhary:** Will the Minister of **Defence** be pleased to state:

(a) the monthly emoluments being paid to Armed Forces personnel separately for each cadre and also separately for all arms;

(b) when this pay was last revised;

(c) whether it is also a fact that civilian employees of equal and inferior ranks are having more amenities than armed forces personnel;

(d) whether it is a fact that civilian employees have to maintain only one establishment, as they live with their family whereas a person serving in the Army has invariably to maintain two establishments; and

(e) whether Government propose to revise the pay scale, Dearness Allowance and other emoluments of the Armed Forces personnel?